# SRI GURU TEGH BAHADUR SAHIB JI GOVERNMENT POLYTECHNIC. AMBALA CITY

## संस्था स्तर की दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग के लिए मुख्य निर्देश

1. उपरोक्त काउन्सलिंग के लिए आवेदन फार्म इस संस्था की वेबसाइट www.gpambala.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है | आवेदन फार्म का प्रिंट एक ही पेज पर आगे पीछे (**Back to Back**) लेना अनिवार्य है |
2. आवेदन फार्म, क्वालीफाइंग एग्जाम की सत्यापित फ़ोटो प्रति व सभी जरुरी दस्तावेजो सहित इस संस्था में व्यक्तिगत रूप से अंतिम तिथि 17.07.2026 (शाम 4 बजे तक) से पहले जमा करवाना जरुरी है | अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन फॉर्म पर विचार नहीं किया जायेगा |
3. **अति महत्वपुर्ण** : अभ्यर्थियो का ऑनलाइन काउन्सलिंग के लिए या ओपन (ऑफलाइन ) काउन्सलिंग के लिए, पहले से बना रैंक अगर कोई है तो वह रैंक, इस संस्था स्तर की दूसरी मैन्युअल ओपन काउन्सलिंग के लिए मान्य नहीं होगा | सभी अभ्यर्थी जिन्होंने पहले से ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन किया हुआ है और जिनका रैंक भी बना हुआ है उनको भी नया आवेदन फार्म भरना जरुरी है, बिना आवेदन फार्म भरे किसी भी अभ्यर्थी की काउन्सलिंग पर विचार नहीं किया जायेगा |
4. **संस्था स्तर की दूसरी मैन्युअल ओपन काउन्सलिंग की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी :**
   - संस्था स्तर की इस दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग में सभी रिक्त सीटें, किसी भी आरक्षण नीति का पालन किए बिना, सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेंगी। इस मैनुअल ओपन काउंसलिंग में रिक्त सीटों का आवंटन हरियाणा एवं अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को बिना किसी आरक्षण के, कॉमन मेरिट के आधार पर किया जाएगा ।
5. संस्था स्तर की इस दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग के लिए रिक्त सीटो की सूची दिनांक 17.07.2026, 5:00 PM के बाद, इस संस्था की वेबसाइट www.gpambala.ac.in पर प्रकाशित कर दी जायेगी |
6. आवेदन फार्म, क्वालीफाइंग एग्जाम की सत्यापित फ़ोटो प्रति व सभी जरुरी दस्तावेजो सहित इस संस्था में व्यक्तिगत रूप से अंतिम तिथि से पहले जमा करवाना जरुरी है | अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन फॉर्म पर विचार नहीं किया जायेगा | सभी अभ्यर्थियों, जो हरियाणा राज्य के निवासी है, उनको अपने आवेदन फार्म के साथ नवीनतम व सत्यापित परिवार पहचान पत्र लगाना जरुरी है |
7. संस्था स्तर की इस दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग के दिन (21.07.2026) को अभ्यर्थी के पास सभी मूल दस्तावेज), 5250/- रुपए फीस (लड़कियों व TFW वर्ग के लिए 3750/- रूपए) व दो फोटो होने चाहिए |
8. काउन्सलिंग के दिन (21.07.2026) अभ्यर्थी को संस्था में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है | अगर कोई अभ्यर्थी अपना रैंक/मेरिट आने पर संस्था में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं मिलेगा, तो काउन्सलिंग प्रक्रिया को न रोकते हुए मेरिट/ रैंक में अगले अभ्यर्थी को सीट का आवंटन कर दिया जायेगा | अगर कोई अभ्यर्थी देर से या अपना रैंक / मेरिट निकल जाने के बाद रिपोर्ट करता है तो ऐसे अभ्यर्थी को उस समय उपलब्ध सीटों पर सीट आवंटन के लिए विचार किया जाएगा ।
9. डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. (लेटरल एंट्री) में दाखिले के लिए विस्तृत पात्रता शर्तो को देखने के लिए www.hstes.org.in पर डिप्लोमा प्रॉस्पेक्टस 2026-27 को ध्यान से पढ़े | अधिक जानकारी के लिए टेलीफोन नं: 8708644600, 0171-2443222 पर संपर्क करे |

अपना वोट, आपकी पहचान, आपकी जिम्मेदारी | "त्रुटिरहित मतदाता सूचि का निर्माण"
अपने परिवार से S.I.R. - 2026 का फॉर्म भरवाएँ

प्रधानाचार्य